# मिनी वॉलीबॉल के दोनों वर्गों में जीता राजस्थान

मुरैना | राजस्थान ने 25वीं मिनी नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिपं के दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। सोमवार को राजस्थान की गर्ल्स टीम ने जहां बिहार को 3-0 से हराया वहीं बॉयज टीम ने महाराष्ट्र को भी 3-0 के अंतर से ही पराजित किया। शाम को खेले गए एक अन्य मैच में राजस्थान को बॉयज ने पांडिचेरी को 3-0 से पराजित किया। मंगलवार को गर्ल्स टीम का मुकाबला महाराष्ट्र से और बॉयज टीम का मुकाबला दिल्ली से होगा।



धौलपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र खोथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए।

# राजस्थान दोनों वर्गों में जीता

खेप्र/नवज्योति, जयपुर

राजस्थान ने मुरेना (मध्य प्रदेश) में आयोजित 25 वीं मिनी नेशनल वालीबाल चैंपियनशिप के दूसरे दिन दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। राजस्थान ने बालक वर्ग में अपने दोनों मुकाबले जीत लिए। राजस्थान ने ग्रुप बी में अपने पहले मैच में महाराष्ट्र को 25-15, 25-21, 25-12 से तथा दूसरे मुकाबले में पांडिचेरी को 3-0 से शिकस्त दी। बालिका वर्ग में राजस्थान ने बिहार को 25-9, 25-9, 25-7 से हराया।

भारतीय वालीबाल संघ के महासचिव रामावतार सिंह जाखड़ के अनुसार मंगलवार को राजस्थान बालक वर्ग में दिल्ली से व बालिका वर्ग में महाराष्ट्र से भिड़ेगा। हिमाचल प्रदेश के मैच से पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र खोत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

**Rajasthan volley teams win:** Rajasthan boys beat Maharashtra 3-0 in their opening match of Mini National Volleyball Championships being played at Morena in Madhya Pradesh. Rajasthan won 25-15, 25-21, 25-12. The state's girls' team also made a winning start, beating Bihar 3-0 (25-9, 25-9, 25-7).

**BSNL Volleyball from today:** All India BSNL Volleyball Tournament Tournament will start on Tuesday at the Regional Telecom Training Center at Road No 14 VKI.

# खेल भावना से खेलें

**मुरैना (ब्यूरो)।** सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें। देश की इतनी बड़ी प्रतियोगिता जिले में पहली बार आयोजित की जा रही है। यह जिले के लिए फक्र की बात है। यह बात मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री रुस्तम सिंह ने कही। मौका था स्थानीय स्टेडियम में सोमवार से शुरु 25वीं राष्ट्रीय मिनी वालीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह का। इस अवसर पर ननि के मेयर अशोक अर्गल एवं कलेक्टर विनोद शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। गौरतलब है कि स्पर्धा में भाग लेने के लिए देश से 39 टीमें आई हैं। इनमें 22 टीमें बालकों की हैं और 17 टीमें बालिकाओं की हैं। प्रतियोगिता 24 नवंबर तक चलेगी। प्रतियोगिता के लिए स्टेडियम में 4 ग्राउंड बनाए गए हैं।

## बैनर पर नहीं थे मंत्री-सांसद के फोटो

ननि ने प्रतियोगिता को लेकर शहर में पोस्टर व बैनर लगवाए थे। लेकिन उनमें न तो सांसद के फोटो थे और न ही स्थानीय मंत्री के। साथ ही प्रतियोगिता के शुभारंभ तक कोई मुख्य अतिथि ही तय नहीं था। ऐन समय पर स्वास्थ्य मंत्री को प्रतियोगिता के शुभारंभ के लिए बुलाया गया और मंच पर लगाए गए पोस्टर में सांसद व स्थानीय मंत्री के फोटो शामिल किए गए।

नॉकआउट मुकाबले में हुए 10 मुकाबले...

# मिनी वॉलीबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



बालक वर्ग के खिलाड़ी वॉलीबॉल खेलते हुए।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते स्वास्थ्य मंत्री रुस्तम सिंह।

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**मुरैना.** मिनी नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का रविवार को रंगारंग शुभारंभ हुआ। मैच तो दोपहर में ही शुरू हो गए थे, लेकिन टूर्नामेंट का शुभारंभ दोपहर बाद मप्र शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री रुस्तम सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को मप्र में दो प्रतिशत आरक्षण देने का भी भरोसा दिलाया। टूर्नामेंट में खबर लिखे जाने तक 10 मुकाबले हो चुके थे। टूर्नामेंट में 21 बालक और 17 टीमें बालिका खिलाड़ियों की शामिल हो रही हैं।

पहले दिन खबर लिखे जाने तक करीब एक दर्जन मैच हुए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुरैना-भिण्ड का माहौल बदल रहा है। खिलाड़ी खेल भावना का परिचय दें और अपना भविष्य संवारें। महापौर अर्गल ने कहा कि यहां का उजला पक्ष यह है कि सेना में मुरैना-भिण्ड के हजारों नौजवान देश की रक्षा कर रहे हैं। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पार्षद नीतेश तोमर ने दिया, जबकि संचालन एमआईसी सदस्य संजय शर्मा ने किया। टूर्नामेंट में उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, पंजाब, केरला, बिहार, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, दिल्ली, पुंडुचेरी, मणिपुर, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, असम, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गोआ की टीमें हिस्सा ले रही हैं। शाम को बिजली गुल हो जाने से अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, हालांकि तुरंत जनरेटर शुरू कराया गया। इस दौरान महापौर अशोक अर्गल, नेता प्रतिपक्ष सोनेराम यादव, वॉलीबॉल एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक सेवानिवृत्त आईजी रामलाल वर्मा, संघ के महासचिव रामअवतार जाखड़, आयोजन समिति के सदस्य संजय शर्मा, खलक सिंह राजपूत, केशव तोमर, मोहर सिंह तोमर, मंडले हर्षाना, हरी सिंह चौहान, गौरव यादव आदि मौजूद रहे।



मार्चपास्ट करते खिलाड़ी व सलामी लेते अतिथि।

## किसके साथ किसके हुए मैच

रविवार को बालक वर्ग में महाराष्ट्र ने दिल्ली को 3-0 से हराया। अन्य मुकाबलों में तेलंगाना ने गुजरात को 3-0 से, आंध्रप्रदेश ने हिमाचल प्रदेश को 3-0 से व उड़ीसा ने मध्यप्रदेश को 3-1 से हराया। जबकि बिहार ने पश्चिम बंगाल को 3-1 से हराया। बालिका वर्ग में तेलंगाना ने पुडिचेरी को 3-0, केरला ने दिल्ली को 3-0, पश्चिम बंगाल ने उड़ीसा को 3-0, मध्यप्रदेश ने आंध्रा को 3-0, गुजरात ने उत्तरप्रदेश को 3-2 से हराया। मुकाबले खबर लिखे जाने तक जारी थे।

# वालीबॉल प्रतियोगिता शुरू देशभर से आईं 39 टीमें



वालीबॉल स्पर्धा के शुभारंभ पर मार्चपास्ट करते खिलाड़ी।

**मुरैना। नईदुनिया न्यूज**

25वीं राष्ट्रीय मिनी वालीबॉल चैम्पियनशिप का शुभारंभ रविवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री रुस्तम सिंह ने स्थानीय स्टेडियम में किया। स्पर्धा में भाग लेने के लिए देश से 39 टीमें आई हैं। इनमें 22 टीमें बालकों की हैं और 17 टीमें बालिकाओं की हैं। प्रतियोगिता 24 नवंबर तक चलेगी। प्रतियोगिता के लिए स्टेडियम में 4 ग्राउंड बनाए गए हैं। जिन पर टीमें आपस में भिड़ेंगी। शुभारंभ अवसर पर ननि के मेयर अशोक अर्गल, कलेक्टर विनोद शर्मा सहित कई खिलाड़ी व शहर के लोग मौजूद थे।

## क्या कहा स्वास्थ्य मंत्री ने

स्वास्थ्य मंत्री रुस्तम सिंह ने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें। देश की इतनी बड़ी प्रतियोगिता जिले में पहली बार आयोजित की जा रही है। यह जिले के लिए फक्र की बात है। देश भर के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शिरकत कर रहे हैं और ये लोग जिले के बारे में जानेंगे। इससे उनके मन से वह बात भी दूर होगी, जिसे लेकर जिले को देशभर में बदनाम किया गया है।

सभी खिलाड़ियों ने किया

## यहां से आई हैं टीमें

- प्रतियोगिता में शिरकत करने के लिए उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, पंजाब, केरला, बिहार, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, दिल्ली, पाण्डुचेरी, मनीपुर, तलंगाना, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, आसम, तमिलनाडू, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गोवा, उत्तराखंड आदि की टीमें आई हैं।

## यह भी हुआ

- खासबात यह थी कि ननि ने प्रतियोगिता को लेकर शहर में पोस्टर व बैनर लगवाए थे। लेकिन उनमें न तो सांसद के फोटो थे और न ही स्थानीय मंत्री के। साथ ही प्रतियोगिता के शुभारंभ तक कोई मुख्य अतिथि ही तय नहीं था। ऐन समय पर स्वास्थ्य मंत्री को प्रतियोगिता के शुभारंभ के लिए बुलाया गया और मंच पर लगाए गए पोस्टर में सांसद व स्थानीय मंत्री के फोटो शामिल किए गए।

**मार्चपास्टः** प्रतियोगिता के शुभारंभ होने के बाद सभी प्रदेशों से आए खिलाड़ियों ने अपने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए मार्च पास्ट किया। उनके हाथों में अपने अपने प्रदेशों के झंडे भी थे। सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए स्टेडियम भी खचाखच भरा हुआ था।